चेक बाबू मनोज सैगर चेक बनाने से पहले मांग रहा कमीशन

7 साल से एक ही सीट पर जमा है मनोज सैगर चेक बाबू

बेचारे ठेकेदारों की नहीं होती कोई सुनवाई

नगर आयुक्त का फोन उठाता है उनका अर्दली मनीष



अग्र भारत संवाददाता

आगरा। अभी हाल ही में नगर निगम मैं टेंडर घोटाले के चलते कंप्यूटर ऑपरेटरों को नगर आयुक्त ने इधर से उधर स्थानांतरण किया था लेकिन नगर आयुक्त का ध्यान एक ही सीट पर 7 साल से बैठे चेक बाबू मनोज सैगर की ओर नहीं गया जिसके चलते आज भी चेक बाबू ठेकेदारों से चेक काटने से पहले के जेई, एई एवं सीएफओ व नगर आयुक्त का कमीशन मांग रहा है, जो ठेकेदार चेक कटने से पहले कमीशन नहीं दे रहे हैं उनका चेक बाबू चेक नहीं दे रहा जिसके चलते कभी भी ठेकेदार आंदोलित हो सकते हैं।

नगर निगम की बात करें तो भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा हैं । नगर निगम के द्वारा शहर के विकास कार्यों को कराने के लिए ठेकेदारों से काम तो करा लिया जाता है लेकिन जब वह चेक लेने जाते हैं तो चेक बाबू मनोज सैगर पहले सभी अधिकारियों का कमीशन मांगता है और न देने पर उनको चेक ठुद्द देने की धमकी देता है। इससे पहले भी मनोज सैगर की कई शिकायत नगर आयुक्त से की गई है लेकिन इसके बाद भी चेक बाबू 7 साल से एक ही सीट पर बैठकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा है। अभी हाल ही में लगभग 200 करोड रुपए की राजस्व की हानि करके टेंडर की फाइलों में बड़ा घोटाले को अंजाम दिया गया था जिसमें कई कंप्यूटर ऑपरेटर को नगर आयुक्त ने ट्रांसफर कर दिया था लेकिन इसके बाद भी चेक बाबू सुधरने का नाम ले रहा है । बताया जाता है कि चेक बाबू मनोज सैगर 7 साल से एक की सीट पर बैठकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा है यदि कोई ठेकेदार इसकी शिकायत नगर आयुक्त से करता है तो नगर आयुक्त इस पर ध्यान न देकर चेक बाबू की भ्रष्टाचार नीति को बढ़ावा देते हैं जिसके चलते बेचारे ठेकेदार अब शिकायत करने से कतराने लगे हैं लेकिन सूत्रों की माने तो कुछ ठेकेदार अब मनोज सैगर के विरुद्ध शीघ्र ही आंदोलन करने के मूड में दिखाई दे रहे हैं।

अब देखना होगा कि नगर आयुक्त कंप्यूटर ऑपरेटर की तरह 7 साल से एक ही सीट पर जमा चेक बाबू मनोज सैगर को कब तक इस सीट से हटाते हैं फिलहाल चेक बाबू मनोज सैगर की भ्रष्टाचार नीति ने नगर आयुक्त पर भी प्रश्न चिन्ह लगा दिया है।

नगर आयुक्त का फोन उठाता है उनका अर्दली मनीष

जब इस संबंध में नगर आयुक्त संतोष कुमार वैश्य से उनका पक्ष जानना चाहा तो उनके चहेते मनीष ने फोन उठाया और बात न करवाने का बहाना करके बोला कि साहब अभी ऑनलाइन कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं बात नहीं हो सकती है जरूरी काम हो तो बता दीजिए इससे भी साफ हो रहा है कि नगर आयुक्त सभी फोनों को अटेंड ना करके ऐसी शिकायतों को नजर अंदाज कर रहे हैं जिससे कि मनोज अर्दली जैसे भ्रष्ट बाबूओ को बढ़ावा मिला है।

लंपी से पीड़ित गायों को औषधीय लड्डू खिलाकर कर रहे उपचार

25 सदस्यों की टीम बना कर रहे गोसेवा, अब तक 54 गायों की कर चुके हैं सेवा

फतेहपुर सीकरी । लंपी स्किन बीमारी से पीड़ित गायों की सेवा के लिए पाली गांव के दो भाइयों ने अभियान चलाया हुआ है। टीम ऋषि जाट बॉक्सर रामू जाट के सहयोग से नंदी गोशाला और शहर में घूमने वाली लंपी से पीड़ित लावारिस गायों को औषधीय युक्त लड्डू खिलाकर उनकी सेवा कर रही है।

टीम के संयोजक कोरोना वॉरियर्स ऋषि जाट ने लंपी से पीड़ित गायों के लिए आयुर्वेदिक औषधियों से युक्त लड्डू तैयार कराए हैं। उन्होंने अपने खर्चे पर 25 सदस्यों की टीम बनाई है, जो गोशालाओं और सड़कों पर मिलने वाली बीमार गायों के लिए दवा और चारे की व्यवस्था कर रही है। टीम अब तक 54 गायों की सेवा और उपचार कर चुकी है। उपचार के दौरान पशुपालन विभाग के चिकित्सकों से परामर्श भी लिया जा रहा है।

ऋषि जाट ने लंपी से पीड़ित गायों की सूचना देने के लिए हेल्पलाइन नंबर 7740885668 जारी किया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि क्षेत्र में कहीं भी लंपी से पीड़ित गाय दिखाई देने पर इस नंबर पर सूचना दें, ताकि टीम मौके पर पहुंचकर उसकी सेवा कर सके।

इस गोसेवा अभियान से प्रभावित होकर लोग भी जुड़ रहे हैं। अभियान में ऋषि जाट के पिता चौधरी बाबूलाल राणा भी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

सड़क हादसे में घायल होमगार्ड की उपचार के दौरान मौत, गांव में शोक





फतेहपुर सीकरी । सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होमगार्ड त्रिलोकी नाथ तिवारी की उपचार के दौरान मौत हो गई। 55 वर्षीय त्रिलोकी नाथ तिवारी पुत्र नौबत सिंह, निवासी मंडी मिर्जा खान, थाना फतेहपुर सीकरी में होमगार्ड की ड्यूटी पर थे।

जानकारी के अनुसार, 20 अक्टूबर को ड्यूटी समाप्त कर घर लौटते समय ग्राम तेहरा के समीप अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी थी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने आगरा रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उन्हें भरतपुर ले गए। वहां से बेहतर उपचार के लिए जयपुर रेफर किया गया था। बताया गया है कि 27 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे उपचार के दौरान त्रिलोकी नाथ तिवारी ने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा तो परिजनों में चीख-पुकार मच गई। उनके निधन की खबर से गांव में शोक की लहर दौड़ गई और माहौल गमगीन हो गया।

शिक्षक एमएलसी चुनाव में सपा की जीत पर सपाइयों ने मनाया जश्न, ढोल-नगाड़ों के बीच बांटी मिठाई



किरावली (अग्र भारत)। आगरा खंड शिक्षक एमएलसी चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. आकाश अग्रवाल की जीत के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। चुनाव में जीत की खुशी में किरावली स्थित समाजवादी पार्टी के कैंप कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मनाया। इस दौरान एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई और जीत की खुशी साझा की गई। कार्यकर्ताओं ने इस जीत को पार्टी के प्रति शिक्षकों के समर्थन और आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सुखद संकेत बताया।

जश्न के दौरान सपा नेता सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि आगरा शिक्षक एमएलसी चुनाव में पार्टी प्रत्याशी की जीत कार्यकर्ताओं के उत्साह को बढ़ाने वाली है। उन्होंने इसे वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने का संकेत बताया। उन्होंने कहा कि चुनाव में मिली सफलता से पार्टी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया।

इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष रईस पाल चाहर, नगर अध्यक्ष सुलेमान अहमद, दिनेश चौधरी, विधानसभा महासचिव देवेंद्र शर्मा, जिला अल्पसंख्यक सचिव सिंधी कुरैशी, राष्ट्रीय सचिव अल्पसंख्यक गुड्डू कुरैशी, विधानसभा उपाध्यक्ष रूप किशोर शर्मा एवं रईस कुरैशी, राजवीर चाहर, नवाब उस्मानी, यूथ ब्रिगेड विधानसभा अध्यक्ष जीशान अहमद, जमील कुरैशी, मनोज शर्मा, देवेंद्र चाहर, मुख्तियार सिंह और देवेश चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सरसा में खेत की मेड़ काटने का आरोप, छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

किरावली (अग्र भारत)। थाना क्षेत्र के सरसा गांव में खेत की मेड़ जोतने और मुड्डी उखाड़ने के आरोप में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सरसा निवासी रविन्द्र कुमार पुत्र छीतरसिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चक गाटा संख्या 344 के पड़ोसी विजय सिंह और उनके पुत्रों देवेंद्र, योगेंद्र, जुगेन्द्र व योगेश ने उनके खेत की मेड़ जोतकर मुड्डी उखाड़ दी। आरोप है कि 26 अक्टूबर को इसकी आशंका होने पर उन्होंने थाना किरावली में शिकायत दी थी। इसके बावजूद शाम को मेड़ और मुड्डी उखाड़कर ले जाने का आरोप है। विरोध करने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की बात भी कही गई है। सूचना पर पीड़ित के भाई ने पुलिस सहायता के लिए 112 पर कॉल किया।थाना प्रभारी मदन सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच और विधिक कार्रवाई की जा रही है।

वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत कांग्रेस का चुनाव आयोग पर हमला, मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग

मतदाता सूची में गड़बड़ी और SIR पर रोक लगाने की मांग, सुप्रीम कोर्ट के सेवारत न्यायाधीश से जांच कराने की उठाई आवाज



अग्र भारत संवाददाता

आगरा। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 'वोट बचाओ–देश बचाओ' राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और मतदाता सूचियों में कथित अनियमितताओं को लेकर निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाए हैं। 27 अक्टूबर 2026 की प्रेस विज्ञप्ति में कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे, विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्रक्र) पर रोक और मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों की स्वतंत्र जांच की मांग की है।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों के अनुरूप निष्पक्षता नहीं निभा रहा है और चुनावी प्रक्रिया में विपक्ष को समान अवसर नहीं मिल रहे हैं। पार्टी ने इन आरोपों को लोकतांत्रिक व्यवस्था और मताधिकार से जुड़ा गंभीर मुद्दा बताया है। हालांकि, प्रेस विज्ञप्ति में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि इस रिपोर्ट के आधार पर नहीं हुई है।

यूपी एमएलसी चुनावों में धांधली का आरोप

प्रेस विज्ञप्ति में कांग्रेस ने हाल ही में संपन्न उत्तर प्रदेश विधान परिषद (एमएलसी) चुनावों में कथित प्रशासनिक अनियमितताओं का मुद्दा उठाया। पार्टी का आरोप है कि कई निर्वाचन क्षेत्रों में सरकारी तंत्र और पुलिस बल का दुरुपयोग कर विपक्षी समर्थकों को डराया-धमकाया गया तथा मतदान प्रक्रिया को प्रभावित किया गया।

कांग्रेस ने बूथों पर कब्जे और मतदान प्रतिशत के आंकड़ों में कथित गड़बड़ी के आरोप भी लगाए हैं। इन आरोपों के समर्थन में संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के विशिष्ट प्रमाण या आधिकारिक जांच के निष्कर्ष प्रेस विज्ञप्ति में विस्तार से नहीं दिए गए हैं।

महाराष्ट्र और बेंगलुरु की मतदाता सूचियों का मुद्दा

कांग्रेस ने मतदाता सूचियों में कथित अनियमितताओं का उल्लेख करते हुए महाराष्ट्र और बेंगलुरु के उदाहरण दिए हैं। पार्टी की प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच कुछ महीनों में मतदाता सूची में 39 लाख नए मतदाता जोड़े गए, जबकि पिछले पांच वर्षों में कुल 32 लाख मतदाता जुड़ने का दावा किया गया है।

वहीं, बेंगलुरु के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र का जिक्र करते हुए कांग्रेस ने एक लाख से अधिक संदिग्ध प्रविष्टियों, डुप्लिकेट नामों, संदिग्ध तस्वीरों और फॉर्म-6 के कथित दुरुपयोग का आरोप लगाया है। पार्टी ने इन मामलों को मतदाता सूची की पारदर्शिता से जुड़ा मुद्दा बताया है। इन आंकड़ों और आरोपों की पुष्टि के लिए निर्वाचन आयोग के आधिकारिक रिकॉर्ड तथा संबंधित जांच रिपोर्टों का परीक्षण आवश्यक है।

डलीय पोल्ट्री कॉन्क्लेव' 31 अक्टूबर को आगरा में, मंडलायुक्त करेंगे अध्यक्षता

आगरा। डॉ. देवन्द्र पाल सिंह,अपर निदेशक ग्रेड-2 ने जानकारी देते हुए बताया कि

पशुपालन विभाग आगरा द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की 'कुक्कुट विकास नीति-2022' के अन्तर्गत प्रदेश में पोल्ट्री क्षेत्र के समग्र विकास एवं निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकास भवन, सभागार संजय पैलेस में आगरा मंडल का एक दिवसीय मंडलीय पोल्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है।

कॉन्क्लेव का आयोजन दिनांक 31 अक्टूबर 2026, शनिवार को प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक, विकास भवन सभागार, संजय प्लेस, आगरा में मंडलायुक्त महोदय की अध्यक्षता में किया जाएगा।

कॉन्क्लेव के मुख्य उद्देश्य:

1. राज्य सरकार की कुक्कुट विकास योजनाओं एवं नीतियों की विस्तृत जानकारी देना।

2. वैज्ञानिक एवं आधुनिक पोल्ट्री प्रबंधन के तरीकों के प्रति जागरूकता बढ़ाना।



3. पोल्ट्री फार्मर्स एवं उद्यमियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं पर चर्चा एवं सुझाव प्राप्त करना।

आगरा मंडल के सभी छोटे एवं बड़े कुक्कुट (पोल्ट्री) उद्यमियों, पोल्ट्री फार्मर्स तथा कुक्कुट पालन व्यवसाय शुरू करने के इच्छुक व्यक्तियों से आह्वान किया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या में इस कॉन्क्लेव में प्रतिभाग करें।

इस कॉन्क्लेव के माध्यम से पोल्ट्री व्यवसाय से जुड़े लोग, नवाचार की इच्छा रखने वाले नागरिक, विभागीय अधिकारियों एवं विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर सरकारी अनुदान, आधुनिक तकनीकों और विकास नीतियों का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

अध्यक्ष उ.प्र.राज्य महिला आयोग द्वारा 30 अक्टूबर को करेंगी महिला जनसुनवाई

जनपद में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एंव पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलानें के लिये होगी महिला जनसुनवाई

पीड़ित महिलाएं अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर जनसुनवाई से उठाएं लाभ



अग्र भारत संवाददाता

आगरा। अध्यक्ष, राज्य महिला आयोग, उ.प्र.शासन डा. बबीता चौहान का जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है।

अध्यक्ष दिनांक 30 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे नवीन सर्किट हाउस सभागार में उ.प्र.महिला आयोग शासन के क्रम में आयोजित महिला कल्याण, बाल विकास व पुष्टाहार, समाज कल्याण, स्वास्थ्य विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, पंचायती राज विभाग, कौशल विकास विभाग परिवहन विभाग, मातृ शिशु एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा सचालित महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक तथा जनपद में महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित प्रकरणों की पुलिस आयुक्त अथवा उनकी ओर से नामित वरिष्ठ अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष एवं सम्बन्धित थाने के क्षेत्राधिकारी के साथ महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा बैठक/महिला जनसुनवाई की जायेगी।

महिला जनसुनवाई में अपने अपने विभाग की सूचनायें लेकर संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे तथा प्राप्त आवेदनों का निस्तारण किया जाएगा। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष द्वारा दिनांक 30 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे जनपद में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एंव पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलानें के लिये महिला जनसुनवाई की जाएगी।





रुनकता चौराहे पर जाम में जूझते रहे राहगीर, सर्विस रोड़ पर फंसे वाहन

आगरा।(अग्र भारत)। जनपद आगरा के थाना सिकंदरा क्षेत्र अंतर्गत कस्बा रुनकता चौराहे पर अव्यवस्थाओं के चलते आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। चौराहे पर लंबा जाम लगने से वाहन चालकों को घंटों परेशानी का सामना करना पड़ता है। जाम में फंसने के कारण वाहन रेंग-रेंगकर निकलते हैं।

स्थानीय स्तर पर यातायात व्यवस्था सुचारु न होने और बड़े वाहनों के चौराहे पर फंसने से जाम की स्थिति और गंभीर हो जाती है। रोजाना लगने वाले जाम से राहगीरों और वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।क्षेत्रीय लोगों ने चौराहे पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने और जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए उचित कदम उठाने की आवश्यकता जताई है।

पोइया घाट से पोइया गाँव तक बनेगा पीपा पुल, क्षेत्रवासियों को मिलेगी आवागमन में बड़ी राहत-केंद्रीय मंत्री



आगरा। केंद्रीय राज्यमंत्री एवं आगरा सांसद प्रो. एस. पी. सिंह बघेल एवं एत्मादपुर विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह के प्रयासों से पोइया घाट, दयालबाग से पोइया गाँव तक पीपा पुल का निर्माण ,इसी क्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एस. पी. सिंह बघेल ने प्रस्तावित पीपा पुल के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस पीपा पुल के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। लंबा रास्ता तय करने से राहत मिलेगी, समय और ईंधन की बचत होगी तथा आसपास के गाँवों के लोगों का आवागमन अधिक सुगम हो सकेगा। यह पहल क्षेत्र के विकास को गति देने और स्थानीय नागरिकों की आवागमन संबंधी समस्याओं के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

अछनेरा ब्लॉक में रजवाह से गढ़ीमा गांव के मंदिर तक 1.10 किमी सड़क का होगा निर्माण

अग्र भारत संवाददाता

फतेहपुर सीकरी। विधानसभा क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्यों को गति देते हुए फतेहपुर सीकरी रजवाह से गढ़ीमा गांव के मंदिर तक नाले की पटरी पर सड़क बनाई जाएगी। लोक निर्माण विभाग की ओर से 1.10 किलोमीटर लंबे मार्ग का निर्माण 1.16 करोड़ रुपये की लागत से कराया जाएगा। विधायक चौधरी बाबूलाल ने सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास कर भूमि पूजन किया। सड़क बनने से क्षेत्रीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है। विधायक ने क्षेत्र में सड़क सहित अन्य विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही। इस दौरान डॉ. रामेश्वर चौधरी, ब्लॉक प्रमुख महाराज सिंह, घनश्याम प्रधान, राजवीर सिंह, जुगेंद्र प्रधान, अरब सिंह और सभासद शिवा माहौर सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।